लापरवाही | क्या किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा नगर परिषद? पानी में बिलबिला रहे कीड़े

नलों से टपक रहा जहर दे रहा अनहोनी को जन्म

मझौली, नवभारत, जबलपुर। नगर परिषद की घोर लापरवाही ने आज मझौली की जनता को बीमार होने की कगार पर खड़ा कर दिया है। 7 दिनों के लंबे इंतज़ार के बाद जब नलों में पानी आया, तो वह अमृत नहीं बल्कि 'कीड़े युक्त जहर' निकला।

स्थानीय जनों की आशंका है कि इस तरह का पानी कहीं नाली से गुजर रही पाइप लाइन की वजह से आ रहा है जो नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

वहीं इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय वासियों का कहना है कि जब हम लोग समय पर टैक्स आदि का भुगतान करते हैं तो नगर परिषद की लचर व्यवस्था के चलते क्या बदले में हमें बीमारियाँ मिलेंगी? अगर पेयजल व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो हम वार्डवासी नगर परिषद का घेराव किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

क्या यहां भी दोहराई जाएगी इंदौर जैसी त्रासदी

ग्रामीणों का कहना है कि एक तो वैसे ही हफ्तेभर बाद इतनी भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद द्वारा पानी की सप्लाई की वो भी इतना गंदा कि घरों में इस गंदे पानी की सप्लाई से बदबू फैल गई। ग्रामीणों का कहना है लगता है स्थानीय नगर परिषद इंदौर जैसी त्रासदी दोहराने को आमादा है।

ये हैं मुख्य सवाल

- भीषण गर्मी में एक हफ्ते बाद सप्लाई शुरू हुई, लेकिन पानी इतना बदबूदार और गंदा कि पीना तो दूर, हाथ धोना भी दूभर।
- वार्डों में सप्लाई किए जा रहे पानी में साफ तौर पर कीड़े रेंगते देखे गए, जिससे महामारी (डायरिया, टाइफाइड) का खतरा बढ़ गया है।
- कागजों पर 'नंबर वन' बनने का दम भरने वाले नगर परिषद के पास जनता को साफ पानी देने तक की फुर्सत नहीं है।
- आक्रोशित जनता का सवाल क्या प्रशासन यहाँ भी इंदौर जैसी त्रासदी या किसी बड़ी जन-हानि या मौत का इंतजार कर रहा है?

श्मशान भूमि पर कब्जे का आरोप, पटवारी की भूमिका पर उठे सवाल

कलेक्टर से कार्रवाई की मांग, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

पनागर, नवभारत। पनागर तहसील अंतर्गत ग्राम देवरी कला (गुरुनानक वार्ड, बम्हनौदा रोड) स्थित शासकीय श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे और राजस्व रिकॉर्ड में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है।

पूर्व पार्षद सर्वेष मिश्रा एवं सुरेंद्र तिवारी ने राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।शिकायतकर्ताओं के अनुसार ग्राम देवरी कला के खसरा क्रमांक 344/1 की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में 'शासकीय श्मशान' के रूप में दर्ज है। आरोप है कि तत्कालीन पटवारी द्वारा अतिक्रमणकारी अच्छेलाल वल्द रामदीन दर्जी के साथ मिलीभगत कर बी-1 अभिलेख के कलम नंबर 12 में अवैध रूप से कब्जाधारी के रूप में नाम दर्ज कर दिया गया। बताया जा रहा है कि वर्तमान में श्मशान भूमि के बड़े हिस्से का निजी उपयोग किया जा रहा है।

मामले को लेकर 23 मार्च 2026 को तहसीलदार पनागर को लिखित शिकायत सौंपे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन बिना समाधान के ही शिकायत बंद करने का प्रस्ताव दे दिया गया।

सिहोरा में बाहरी अवैध रेत की एंट्री जारी

कार्रवाई नहीं होने से सवालों के घेरे में प्रशासन

सिहोरा, नवभारत। क्षेत्र में इन दिनों बाहर से अवैध रूप से रेत लाने का मामला तेजी से बढ़ता जा रहा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, रात के समय भारी वाहनों के जरिए बाहरी क्षेत्रों से रेत सिहोरा में लाई जा रही है। यह रेत बिना किसी वैध अनुमति और रॉयल्टी के स्थानीय बाजारों में खपाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस अवैध कारोबार में कुछ प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता भी सामने आ रही है, जिसके चलते कार्रवाई ठंडी बस्ते में डाली जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद न तो खनिज विभाग और न ही पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सख्त कदम उठाया गया है। इससे अवैध रेत कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की अवैध रेत खनन और परिवहन से न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाई जा सके।

इनका कहना है

हम लोगों को कई दिनों से इस इसकी जानकारी प्राप्त हो रही थी आज पुन आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, जिले की सीमाओं पर ई चेक पोस्ट लगाए गए हैं, और सिहोरा एवं ग्रामीण क्षेत्र पर बड़े स्तर पर कार्यवाही की जाएगी।

शैलेंद्र मिश्रा, सहायक खनिज अधिकारी

बेमौसम बार-बार की बारिश किसानों की बढ़ा रही मुश्किलें

साल भर की मेहनत को बचाने की जुगत में किसान हो रहा हलाकान

बेलखाडू, नवभारत, जबलपुर। गुरुवार की देर रात्रि मौसम ने अचानक करवट ली, एक दम तेज हवाएं चलने लगी साथ साथ ही बारिश भी प्रारंभ हो गई । ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि अचानक मौसम के बदलाव ने बहुत परेशान करते हुए नुकसान किया। जिन स्थानों पर विवाह कार्यक्रम थे वहां पंडाल गिर गए, लाइट चली गई साथ ही बारिश होने से भगदड़ की स्थित बन गई। जिससे विवाह समारोहों में खलल पैदा हो गया। देर रात बिजली सप्लाई सुचारू हुई।

दूसरे दिन यानी शुक्रवार सुबह 11 बजे से अचानक बादलों ने आसमान में घेरा बनाना प्रारंभ किया लगभग आधा घंटे बाद हवाओं के साथ तेज पानी बरसा। लगभग दस दिन से बारिश के इस आकस्मिक मौसम बनने से सबसे ज्यादा किसान परेशान और नुकसान में है।

स्लॉट बुक नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता

अनेकों जगह खुले आसमान के नीचे किसानों की उपज गेहूं रखी हुई है। दूसरी ओर स्लॉट बुक नहीं होने से भी किसान परेशान है। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे हुई बारिश से किसानों ने खुले में रखी गेहूं को तिरपाल , बड़ी प्लास्टिक पॉलीथिन से ढककर गीली होने से बचाने का प्रयास किया। परेशान किसानों का कहना है कि गेहूं की दिन रात रखवाली करनी पड़ रही। रात में अचानक बारिश हो या दिन में सभी काम छोड़कर खलिहानों में उसके बचाव, देखरेख के लिए तुरंत जाना पड़ता है। शाम 4 बजे फिर हल्की बूंदा बांदी हुई।

अवैध रेत से भरा डम्पर जब्त पुलिस को देख चालक फरार

जबलपुर। गोसलपुर पुलिस ने घेराबंदी कर रेत से लदा एक बिना नंबर का डम्फर जब्त किया है, जिसे चोरी की रेत का परिवहन करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। जबकि चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया।

थाना प्रभारी श्रीमती गाजीवती पुसाम ने जानकारी देते हुए बताया कि देवनगर से बुढागर की ओर जा रहे एक संदिग्ध बिना नंबर के डम्फर को बुढागर तालाब की मेढ़ के पास रुकने का इशारा किया गया। डम्फर का अगला हिस्सा सफेद और बॉडी पीले रंग की थी, जिस पर एमडीटी लिखा हुआ था। जैसे ही पुलिस ने वाहन को रोका, चालक फुर्ती से नीचे उतरा और झाड़ियों व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने जब डम्फर की तलाशी ली, तो वह अवैध रेत से पूरी तरह भरा हुआ पाया गया। रेत के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने चोरी की रेत सहित वाहन को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया।

साइबर सेल ने ढूंढ निकाले 18 लाख के मोबाइल

106 मोबाइल धारकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

जबलपुर, नवभारत। अपने खोए हुए कीमती मोबाइल की उम्मीद छोड़ चुके 106 मोबाइल धारकों को पुलिस ने जब उनके घुमे के मोबाइल वापस किए तो चेहरे खुशी से खिल गए।

जानकारी अनुसार साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और गुम हुई संपत्ति को बरामद करने के लिए पुलिस लगातार तकनीक का सहारा ले रही है। साइबर सेल की टीम ने अत्याधुनिक सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सर्विलांस का सटीक उपयोग करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम हुए कुल 106 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद किए गए इन हैंडसेट्स की अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी सम्पत उपाध्याय ने मोबाइल धारकों को उनके फोन सुपुर्द किए। इस दौरान एडिशनल एसपी (क्राइम) जितेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। अपने गुम हुए फोन को दोबारा पाकर कई लोग भावुक नजर आए और उन्होंने पुलिस प्रशासन की तत्परता की जमकर सराहना की। एसपी ने जनता से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर पंजीकरण कराएं, जिससे फोन का दुरुपयोग न हो सके और उसे ट्रैक करना आसान हो।

महिला मंडल ने श्रमिकों को बांटी गर्मी से बचाव की सामग्री

पनागर। जीव दया के तहत तपती धूप में मंदिर निर्माण में सहयोगी मज़दूरों को महिला परिषद पनागर की बहनों के द्वारा कैप का वितरण किया गया एवं भूख से राहत दिलाने सत्तू व शक्कर का वितरण किया गया। समय-समय पर नगर की महिला परिषद के द्वारा अनेक जनहित एवं श्रमिकों के अलावा मूक पशुओं के सहायतार्थ भी अनेक कार्यक्रम किए जाते हैं। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रजनी मोदी, सचिव स्वाति मोदी, कोषाध्यक्ष रानी चौधरी, प्रांतीय चेयर पर्सन शालिनी जैन, समीक्षा जैन, सीमा चौधरी, मालती मोदी, सीमा मोदी, अंजू शिल्पी, पूनम सविता जैन, पीहू बहन, प्रीति, शुभि, नेहा के अलावा और भी बहनों नें सहयोग किया। पूर्व पार्षद ज्योति जैन नायक दीदी ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया एवं इस अवसर पर आपने नगर की समस्त समाजसेवी संस्थाओं से इस तरह के जनहित एवं गरीबों के सहायता के लिए कार्य करने की अपील की।

चक्कर लगाकर थके सौरभ व अरविंद, अब निराकरण की आस

सिहोरा, नवभारत। मंगलवार के दिन कलेक्टर कार्यालय में हुई जनसुनवाई में 102 आवेदन पहुँचे, इस दौरान सिहोरा जनपद की ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम दरौली कला से पहुँचे सौरभ यादव पानी निकासी की समस्या से परेसान है सौरभ का कहना है की हमेशा से ही जहां से बरसात के पानी और निस्तार के पानी की निकासी होती थी उस जगह पर पड़ोस के दबंगो ने अतिक्रमण कर पानी का रास्ता रोक दिया है।जिसकी शिकायत उनके द्वारा जनपद सीईओ से नायब तहसीलदार से लेकर एसडीएम सिहोरा के यहां की जा चुकी है यहां तक कलेक्टर कार्यालय में भी शिकायत की जा चुकी है,हालात

यह हो गए हैं कि पानी का रास्ता रुक जाने से गंदा पानी सौरभ के आंगन में इकठ्ठा होकर बदबू मारने लगा है जिसके चलते सौरभ यादव का परिवार गम्भीर बीमारियों की चपेट में है,

तो वहीं खितौला निवासी अरविंद अवस्थी की जमीन मझौली जनपद के खुडावल में है,अरविंद निजी भूमि की खुदाई और भूमि की मेड़ में हुए अवैध कब्जा से वे परेसान हैं।सौरभ और अरविंद दोनों का कहना है की पिछले एक साल से अधिकारियों को शिकायत दे दे कर थक चुके हैं यहाँ तक की सीएम हेल्पलाइन 181 में भी शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो सका है।वहीँ इस दौरान उन्होंने ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से मिलकर आवेदन देते हुए निवेदन किया की उनकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाये,अब देखना होगा इनकी समस्या का समाधान कब तक होता है ?

भागवत | गोसलपुर के शंकर कालोनी में बह रही भक्ति की गंगा, श्रद्धालु उठा रहे लाभ

श्रीकृष्ण ने दो मुट्ठी चावल खाकर सुदामा की दरिद्रता की दूर

सिहोरा, नवभारत। श्रीमद्भागवत कथा ग्राम गोसलपुर के शंकर कालोनी में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में श्रीकृष्ण सुदामा प्रसंग पर श्रीकृष्ण-सुदामा पात्र की झांकी के मंचन से श्रोता व दर्शक भावविभोर हो झूम उठे कथा प्रवक्तापं. ब्रह्मानंद दास महाराज ने श्रीकृष्ण-सुदामा की आदर्श मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा की सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं पर परमात्मा ने कहा की मेरे भक्त जिसके पास प्रेम रूपी धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए कथावाचक संत ब्रह्मानंद दास जी महाराज ने आगे कहा की कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है यही कारण है की आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है

श्रद्धालुओं ने पखारे पांव- कथा के दौरान सुदामा चरित्र के दौरान दो मुट्ठी चावल खाकर श्रीकृष्ण ने सुदामा को दिया दो लोकों का राज्य कथा प्रवचन में कथा वाचक ने आगे बताया की द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए लोग समझ नहीं पाए की आखिर सुदामा में क्या खासियत है की भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के भगवान श्री कृष्ण ने मित्र सुदामा से कहा की भाभी ने मुझे कुछ जरूर भेजा होगा सुदामा पोटली में चावल लिए छुपा रहे थे किंतु श्रीकृष्ण ने उसे छीन लिया फिर एक मुट्ठी चावल खाया तो उन्हें एक लोक का और दूसरी मुट्ठी चावल खाने से दो लोक का राज्य मिल गया जैसे ही तीसरी मुट्ठी खाने लगे तो रुकमणी ने हाथ पकड़ लिया और कहने लगी यह प्रसाद हम लोगों को भी खाना है इस प्रकार श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा की दरिद्रता समाप्त कर दी। उन्होंने आगे कहा की श्रीकृष्ण को सत्य के नाम से पुकारा गया जहां सत्य हो वहीं भगवान का जन्म होता है भगवान के गुणगान श्रवण करने से तृष्णा समाप्त हो जाती है इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा के सुसज्जित पात्रों का सजीव चित्रण वा मंचन भी किया गया।

रंगारंग भजनों की प्रस्तुति- इस मौके पर महाकौशल क्षेत्र की प्रसिद्ध गायिका संजो बघेल के सुंदर भजनों ने कार्यक्रम स्थल पर श्रोताओं को नाचने के लिए मजबूर कर दिया श्रीमती संजू बघेल के भजनों ने कार्यक्रम स्थल पर समा बांध दिया महिला मण्डल ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता के संगीतमय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति की गई जिससे श्रोता व दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की नयनाभिराम झाँकी की आरती व श्रीमद्भागवत पुराण की आरती मुख्य यजमान अवध भूषण दुबे आशा दुबे महेश दुबे ब्रजभूषण दूबे अवध भूषण दुबे शशि भूषण दुबे

चंद्र भूषण दुबे जग भूषण दुबे विद्या भूषण दुबे अधिराज अनिका कनन मयंक उपेंद्र चौबे ओम प्रकाश पटेल कपिल गर्ग हेमचंद असाटी बहादुर सिंह एसके तिवारी राजू ठाकुर प्रदीप दुबे राज पटेल अर्पित चौबे मीनाक्षी पटेल अच्छे लाल राजभर शंकर लाल वर्मन जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत रमेश व्यास लटोरी साहू विश्वनाथ सिंह राणा ने व्यासपीठ का पूजन किया किया अन्य भक्तों ने श्रीमद् भागवत कथा की आरती की महिला मंडल द्वारा धार्मिक व मंगलमय भजनों के साथ की गई।